**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक-23/10/2025**

**विषयः-थाना सिगरा पुलिस द्वारा मारपीट करके साइकिल चोरी करने वाले तीन अभियुक्त व दो बाल अपचारी को मय चोरी की साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0स0 0419/2025 धारा- 191(2),115(2),351(2),324()4),352, 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्तगण **1.** पंकज कुमार बिन्द पुत्र स्व0 किशन बिन्द निवासी गांधी चबूतरा शिवपुरवा थाना सिगरा जनपद वाराणसी उम्र 19 वर्ष, **2.** विकाश कुमार बिन्द उर्फ भूंजे पुत्र सन्तलाल बिन्द निवासी म0न0 डी 59/159 गांधी चबूतरा थाना सिगरा जनपद वाराणसी उम्र 20 वर्ष, **3.** जय बिन्द पुत्र महेन्द्र कुमार बिन्द नि0 मछलीशहर बरईपार बाजार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर, हाल पता गांधी चबूतरा दिशा कानवेन्ट स्कूल के पास थाना सिगरा जनपद वाराणसी उम्र 19 वर्ष, **4.** बाल अपचारी उम्र करीब 16 वर्ष, **5.** बाल अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष को रेलवे पार्किंग शिवपुरवा के पास थाना क्षेत्र सिगरा से दिनांक 23/10/2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरणः-**आवेदक द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 20.10.2025 को समय करीब रात्रि 8:00 बजे आवेदक अपने दरवाजे पर दीपक जला रहा थे। बच्चे पटाखा छोड़ रहे थे। उसी समय तीन-चार की संख्या में अज्ञात लोग आए और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने आवेदक के लड़के पर हाथ भी उठा दिया। आवेदक के मना करने व समझाने-बुझाने पर वे लोग किसी तरह चले गए। किन्तु पुनः 10 से 15 मिनट के अंतराल पर 25 से 30 की संख्या में वह लोग आए और आवेदक व आवेदक के घर में रहने वाले अन्य लोगों को बुरी तरह से मारे - पीटे। घर के गेट पर ईंट- पत्थर मार कर गेट तोड़ दिए और आवेदक की साइकिल भी लेकर चले गए। जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मुकदमा दर्ज कराया है।

**विवरण पूछतांछ -**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त व बाल अपचारी अलग- अलग व सामूहिक पूछताछ पर बता रहे हैं कि हम लोगों को पुलिस खोज रही थी इसी लिए हम लोग घर से भागे हुए थे दीवाली वाले दिन हुई लडाई में हम लोगो ने ईंट पत्थर चला दिया था बाद में जब सब लोग चले गये थे बाद में हम पांचों लोग दुबारा गये तो साइकिल बाहर खड़ी थी तो हम लोगों ने सोचा कि साइकिल बाहर खड़ी थी कोई देख नहीं रहा है तो हम लोग चुपचाप चोरी कर लिये। साइकिल कहाँ है इस बारे में पूंछा गया तो सभी ने बताया कि साइकिल पंकज कुमार बिन्द को हम लोग दे दिए थे। पंकज कुमार बिन्द उपरोक्त ने बताया कि साइकिल मेरे पास है अगर आप कहें तो मैं साइकिल बरामद करवा सकता हूँ। पंकज कुमार उपरोक्त को साथ लेकर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित साइकिल की बरामदगी हेतु उसके दिखाये गये स्थान पर गये। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित साइकिल अभियुक्त पंकज कुमार के घर के सामने खड़ी थी जिसको अभियुक्त पंकज कुमार कि निशानदेही पर बरामद कर लिया गया। इस प्रकार सभी अभियुक्तगण व दोनों बाल अपचारी अपने किये की मांफी मांग रहे हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-**

**1.**पंकज कुमार बिन्द पुत्र स्व0 किशन बिन्द निवासी गांधी चबूतरा शिवपुरवा थाना सिगरा वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

**2.** विकाश कुमार बिन्द उर्फ भूंजे पुत्र सन्तलाल बिन्द निवासी म0न0 डी 59/159 गांधी चबूतरा थाना सिगरा वाराणसी उम्र 20 वर्ष।

**3.** जय बिन्द पुत्र महेन्द्र कुमार बिन्द निवासी मछलीशहर बरईपार बाजार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर, हाल पता गांधी चबूतरा दिशा कानवेन्ट स्कूल के पास थाना सिगरा जनपद वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

**4.** बाल अपचारी उम्र करीब 16 वर्ष।

**5.** बाल अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

**1.** एक साईकिल।

**गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. श्री संजय कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 पंकज चौकी प्रभारी नगर निगम थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 सुधीर कुमार थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 अभय कुमार थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 आशीष थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 नागेन्द्र थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन,**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**